एक नजर में

मकान की सीढ़ियों से फूटा पानी का फव्वारा

गुना। शहर के मॉडर्न स्कूल इलाके में रविवार को उस समय अजीब स्थिति निर्मित हो गई, जब पेयजल सप्लाई शुरू होते ही एक मकान की सीढ़ियों के भीतर से अचानक पानी का फव्वारा फूट पड़ा। सीढ़ियों से पानी निकलता देख आसपास के लोग पूरी तरह हैरान रह गए। देखते ही देखते वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। दरअसल, सुबह करीब 10:30 बजे जैसे ही क्षेत्र में पेयजल की सप्लाई चालू की गई, वैसे ही मुख्य लाइन में लीकेज होने का पता चला। जांच में एक चौंकाने वाली बात सामने आई कि पीएचई विभाग की मुख्य पेयजल लाइन एक मकान के अंदर दबी हुई थी, जिसके ऊपर मकान मालिक ने सीढ़ियां बना दी थीं। लाइन लीक होने से पानी इन्हीं सीढ़ियों को तोड़कर बाहर आने लगा था। मामले की सूचना मिलते ही पीएचई विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग के अनुसार यह मकान साल 2014 में बना था।

आंधी-तूफान का कहर

गुना। जिले में 29-30 मई की रात आए भीषण आंधी-तूफान ने ग्राम पंचायत गढ़ा के नयागांव में भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के चलते गांव के श्मशान घाट पर बना टीन शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जमींदोज हो गया। शेड का लोहे का भारी ढांचा उखड़कर गिर गया और टीन की चादरें मुड़कर दूर तक बिखर गईं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई। अब मानसून की दस्तक नजदीक होने के कारण ग्रामीणों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। शेड न होने से बारिश में खुले में अंतिम संस्कार करने की मजबूरी बन सकती है। नयागांव के साथ ही जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी इस तूफान से भारी नुकसान हुआ है।

अनुशासन के राडार पर गुना विधायक पन्नालाल

अनुशासन का पालन करना होगा, जल्द किया जा सकता है भोपाल तलब

बार-बार बयानों से संगठन को मुश्किल में डालने वाले पन्नालाल शाक्य पर बड़ी कार्रवाई के संकेत

नवभारत न्यूज

गुना 31 मई का। अपने बयानों के लिए हमेशा चर्चाओं में रहने वाले गुना विधायक पन्नालाल शाक्य एक बार फिर अपनी ही सरकार के मंत्रियों पर तीखी टिप्पणी कर विवादों में घिर गए हैं। इस बार सीधे कैबिनेट मंत्रियों को निशाना बनाए जाने के बाद भाजपा संगठन बेहद सख्त रुख अपना रहा है। गुना भाजपा जिला अध्यक्ष ने विधायक के इन बयानों को अनुशासनहीनता मानते हुए पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को भेज दी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि अपनी ही पार्टी को पशोपेश में डालने वाले विधायक शाक्य को जल्द ही भोपाल तलब किया जा सकता है या उनके खिलाफ कोई सीधी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

दरअसल, 30 मई को गुना विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और स्थानीय समस्याओं को लेकर विधायक पन्नालाल शाक्य गुना स्थित बिजली कंपनी के मुख्य दफ्तर पहुंचे थे। वहां बिजली कंपनी के महाप्रबंधक (जीएम) से चर्चा के दौरान विधायक का पारा चढ़ गया। अधिकारियों को फटकार लगाते-लगाते उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को सीधे 'नाकारा' कह दिया। विधायक यहीं नहीं रुके, उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को लेकर भी बेहद तल्ख और अमर्यादित टिप्पणी कर डाली। वरिष्ठ विधायक द्वारा अपनी ही सरकार के दो कद्दावर मंत्रियों के खिलाफ सरेआम दिए गए इस बयान के बाद प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मच गया है।

बयानबाजी बर्दाश्त नहीं होगी, अनुशासन का पालन करना होगा: जिला अध्यक्ष

विधायक शाक्य के बयानों से असहज हुई भाजपा के जिला अध्यक्ष ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन्होंने प्रभारी मंत्री और ऊर्जा मंत्री को लेकर कहे गए शब्दों को पूरी तरह गलत और अमर्यादित माना है। जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट लहजे में कहा कि यदि किसी जनप्रतिनिधि को अपनी ही सरकार या व्यवस्था से कोई शिकायत है, तो बात रखने का एक तय संगठनात्मक मंच होता है। उन्होंने कहा यदि हमें किसी विषय पर कोई बात करनी है, तो पहले जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी या संभाग प्रभारी से चर्चा करनी चाहिए। अगर वहां बात नहीं बनती है, तो सीधे प्रदेश अध्यक्ष के सामने अपनी बात रखने का विकल्प मौजूद है। सरेआम इस तरह की बयानबाजी आगे से बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी और किसी को भी अनुशासन का दायरा लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती। चूंकि गुना विधायक पन्नलाल शाक्य लगातार इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, इसलिए इसकी पूरी जानकारी प्रदेश संगठन को भेज दी गई है। अब प्रदेश संगठन ही आगे कोई निर्णय लेगा।

सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कई बार मंच पर हुए असहज

पन्नालाल शाक्य का विवादित बयानों से पुराना नाता रहा है। वरिष्ठता के बावजूद उनके आए दिन आने वाले तल्ख तेवर भाजपा नेतृत्व के लिए मुश्किलें खड़ी करते रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विधायक शाक्य ने गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की तरफ सीधे इशारा करते हुए तीखी टिप्पणी की थी। उन्होंने मंच से कहा था कि आप जैसे ऐसे ही नाकारा अफसर आते जाएंगे और चले जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, शाक्य अपने बयानों को लेकर इस हद तक सुर्खियों में रहते हैं कि क्षेत्र के सबसे बड़े नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कई बार मंच साझा करते समय उनके बयानों पर असहज नजर आए हैं।

विराट-अनुष्का की शादी पर टिप्पणी

यह पहली बार नहीं है जब शाक्य ने अपनी ही सरकार को संकट में डाला हो। साल 2013 से 2018 के अपने पिछले विधायक कार्यकाल के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा की विदेश में हुई शादी को लेकर विवादित बयान दे दिया था, जिससे उस समय की तत्कालीन भाजपा सरकार को भी काफी राष्ट्रीय स्तर पर असहजता का सामना करना पड़ा था।

राडार पर विधायक, प्रदेश अध्यक्ष ले सकते हैं कड़ा फैसला

पार्टी सूत्रों की मानें तो नौकरशाहों के बाद अब सीधे कैबिनेट स्तर के मंत्रियों को सार्वजनिक रूप से 'नाकारा' कहने के बाद पन्नालाल शाक्य अब पार्टी आलाकमान के सीधे राडार पर आ गए हैं। अनुशासन को लेकर बेहद सख्त माने जाने वाले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल इस पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। माना जा रहा है कि सरकार की छवि धूमिल करने और संगठन के सिद्धांतों को तोड़ने के आरोप में पार्टी जल्द ही विधायक को कारण बताओ नोटिस जारी कर सकती है या उनके खिलाफ कोई बड़ा दंडात्मक कदम उठा सकती है। इस संभावित एक्शन ने गुना सहित पूरे प्रदेश की सियासत में हलचल तेज कर दी है।

अपराध मुक्त जिला बनाने का प्रयास करती पुलिस कप्तान

नवभारत न्यूज

कुंभराज। कुंभराज एक और जहां जिले की पुलिस कप्तान हीतिका बसल जिले को अपराध मुक्त बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर कुछ नगर के कथित अपराधी पुलिस को चुनौती देते नजर आ रहे हैं एक और नई अपराधिक गैंग का नगर में भय और आतंक पिछले दो वर्षों से जनता के सामने आ रहा है यह की छोटे दुकानदार और गरीब लोग इनके आतंक के चलते रिपोर्ट करने से कतराते हैं। नगर के एक प्रतिष्ठित व्यापारी के साथ 2 वर्ष पूर्व लूटपाट करने के उद्देश्य से गोल मंडल पर प्राण घातक हमला किया गया था। ऐसी कई घटनाएं इन आरोपियों द्वारा गठित की जा रही है जिसमें मारपीट एवं जानमाल की धमकी देकर नगर में छोटे दुकानदारों से लगातार हफ्ता वसूली की जा रही है भय और आतंक के बल पर लोगों को डरा धमका कर हफ्ता वसूली की जा रही है एक महापूर्वक इन पर जबरिया वसूली का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी गेग द्वारा अज्ञात कारणों के चलते रोहित पुत्र हल्कू राम उम्र 25 वर्ष पर प्राण घातक हमला कर दिया गया जिसे गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय में रेफर कर फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 एवं अन्य धाराओं में हत्या के प्रयास कइम में की गई। जिसमें एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद शेष की तलाश जारी है उक्त घटनाओं को लेकर जनता में रोष व्याप्त है। बाजार बंद करने का आवाहन भी किया गया लेकिन प्रशासन की समझाइस पर बाजार वापस खोल दिया गया। एसडीएम रवि मालवीय, एसडीओपी मनोज झा, तहसीलदार कमल मंडेलिया थाना प्रभारी पंकज त्यागी सहित मृगवास एवं चाचौड़ा थाना प्रभारी ने पुलिस बल बुलाकर चिन्हित स्थानों पर तैनात कर दिया गया है। जनता ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

सवा किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार, 1 लाख का मशरूका जब्त

नवभारत न्यूज

गुना। जिला पुलिस कप्तान हितिका वासल के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मधुसूदनगढ़ थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक शातिर नशा तस्कर को करीब सवा किलोग्राम अवैध गांजे के साथ दबोचा है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं डीएसपी मुख्यालय जमीलउद्दीन सिद्दकी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई 30 मई 2026 की रात को अंजाम दी गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भोपाल रोड पर बुढ़ना गांव के मोड़ के पास बिना नंबर की मोटरसाइकिल के साथ एक संदिग्ध व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद जवानों ने उसे धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम करन सिंह मीना (51 वर्ष), निवासी कुम्भराज बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1.206 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने 20 हजार रुपये कीमत का गांजा और तस्करी में प्रयुक्त 80 हजार रुपये की मोटरसाइकिल सहित कुल 1 लाख रुपये का मशरूका जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस शानदार कार्रवाई में थाना प्रभारी गोपाल चौबे, उपनिरीक्षक पंजाब सिंह और रवि भिलाला सहित पूरी टीम की मुख्य भूमिका रही।

हड्डीमील क्षेत्र में 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत, मायके पक्ष ने लगाए हत्या के आरोप

गुना। कोतवाली थाना अंतर्गत हड्डी मील क्षेत्र में शनिवार दोपहर 25 वर्षीय विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान आफरीन के रूप में हुई है, जिसका मायका श्योपुर में है। घटना के बाद से ही मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

महिला के पिता और मायके पक्ष का आरोप है कि आफरीन को पिछले करीब 4 सालों से लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आफरीन का पति सरफराज आए दिन नशा करके उसके साथ मारपीट करता था और लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक व शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था। मायके पक्ष ने आशंका जताई है कि आफरीन की हत्या करने के बाद मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर लटकाया गया है। परिजनों ने दावा किया है कि उनके हाथ घटना का एक वीडियो लगा है, जिसमें आफरीन के पैर जमीन से टिके हुए दिखाई दे रहे हैं और गले में काली रस्सी का फंदा बंधा हुआ है। इस आधार पर उन्होंने मामले में गहरी साजिश की बात कही है। दूसरी ओर, ससुराल पक्ष का कहना है कि शनिवार दोपहर करीब 3 बजे जब आफरीन का शव फंदे पर लटका हुआ देखा गया, उस समय घर पर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। मृतिका के पिता ने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले की गहन और निष्पक्ष जांच करने की गुहार लगाई है, ताकि सच सामने आ सके और दोषियों को सख्त सजा मिल सके। पुलिस ने रविवार सुबह आफरीन के शव का पोस्टमार्टम कराया है और जांच शुरू कर दी है।

राजस्थान से आ रही 10 लाख की स्मैक जप्त

गुना। एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना और सानई चौकी पुलिस ने बांकखेड़ा जंगल के रास्ते पर घेराबंदी की। इस दौरान राजस्थान की ओर से मोटरसाइकिल से आ रहे दो संदिग्धों को दबोचा गया। आरोपियों की पहचान मुनेश लोधा (31 वर्ष) और रामप्रसाद लोधा (40 वर्ष), निवासी बारां (राजस्थान) के रूप में हुई है। तलाशी में इनके पास से 10 लाख रुपये कीमत की 100.59 ग्राम स्मैक और तस्करी में प्रयुक्त 1 लाख रुपये की बाइक सहित कुल 11 लाख जप्त किए। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया। सफलता में थाना प्रभारी संदीप यादव और चौकी प्रभारी नीरज लोधी सहित टीम की मुख्य भूमिका रही।

40 फीट गहरे कुएं में गिरा सांड, दो दिन बाद हुआ रेस्क्यू, बाहर आते ही बेकाबू होकर दौड़ा

गुना। बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के खूजा गांव में एक आवारा सांड 40 फीट गहरे कुएं में गिर गया। दो दिनों तक ग्रामीण अपने स्तर पर उसे निकालने की कोशिश करते रहे, लेकिन अत्यधिक गहराई होने के कारण उन्हें सफलता नहीं मिली। रविवार को सूचना मिलने पर गुना की गौसेवक टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से एक बड़ा रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। गौसेवकों ने रस्सियों और भारी मशक्कत की मदद से सांड को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल तो लिया, लेकिन बाहर आते ही नजारा बदल गया। दो दिनों से भूखा-प्यासा और सहमा हुआ सांड अचानक बेकाबू हो गया और आक्रामक होकर चारों ओर दौड़ने लगा। उसे अनियंत्रित भागता देख मौके पर मौजूद ग्रामीणों में भगदड़ मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस अफरा-तफरी के दौरान एक गौसेवक सांड की चपेट में आ गया, जिसे मामूली चोटें आई हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों और गौसेवकों ने प्रशासन से खुले व बिना मुंडेर वाले कुओं को तत्काल सुरक्षित कराने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे कुएं मवेशियों और राहगीरों के लिए लगातार मौत का कुआं साबित हो रहे हैं।

आजाद समाज पार्टी की समीक्षा बैठक का समापन

नवभारत न्यूज

गुना। आजाद समाज पार्टी कांशीराम द्वारा संगठन विस्तार अभियान और समीक्षा बैठक का आयोजन गुना के निजी होटल में किया गया। इस दौरान पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने, बहुजन समाज की आवाज बुलंद करने और आगामी राजनीतिक रणनीति पर गहन चर्चा हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि केंद्रीय प्रभारी एम.एल. तोमर, राज्य प्रभारी विनोद यादव, भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्टी संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बैठक में गुना जिले के नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी ने गुना जिले का अध्यक्ष धर्मवीर ढिल्लों को बनाया है। इसके अलावा गुना विधानसभा अध्यक्ष गुलशन वाल्मीकि, राघौगढ़ विधानसभा अध्यक्ष जगदीश अहिरवार, बमौरी विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण बारेला और चाचौड़ा विधानसभा अध्यक्ष सुमेर सिंह अहिरवार को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सभी विधानसभा इकाइयों में संगठनात्मक दायित्व सौंपे गए। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और बहुजन समाज के मुद्दों को गांव-गांव तक ले जाने का आह्वान किया है।

भैंसा टोरी के जंगल में पेड़ से लटका मिला साधु का शव

गुना। ग्राम भैंसाटोरी के जंगलों में रविवार सुबह एक साधु का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी सामने आई है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे ग्रामीणों ने जंगल में शव को फंदे पर झूलते हुए देखा। ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त पाठी गांव निवासी मेहरबान पिता भैया लाल शिकारी के रूप की है, जो साधु के भेष में रहते थे। हालांकि अधिकारिक तौर पर नाम की पुष्टि नहीं हुई है। जंगल में साधु का शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

आवश्यकता है

नवभारत कार्यालय गुना में संवाददाता एवं विज्ञापन सहायक की आवश्यकता है। योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-

मो.-8770865007
gmnbbopal@gmail.com

मानव सेवा गुना में डॉ. सतीश राजपूत ने फिर लगातार चौथे सप्ताह लगाया नि:शुल्क शिविर

उम्मीद की नई किरण : जब दर्द को मिला हमदर्दी का मरहम

नवभारत न्यूज

गुना। कहते हैं कि जब इंसानियत डगमगाने लगती है, तब कोई फरिश्ता बनकर सामने आता है। गुना जिले के जाने-माने और सेवाभावी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश राजपूत आज उन्हीं मजबूर और लाचार महिलाओं के लिए उम्मीद की एक नई किरण बन चुके हैं। मानव सेवा की अपनी अटूट प्रतिज्ञा को निभाते हुए, उन्होंने इस रविवार को लगातार चौथी बार 'निशुल्क परामर्श एवं उपचार शिविर' का आयोजन किया।

नि:शुल्क इलाज और दवाइयों की आस में इस बार मरीजों की इतनी भारी भीड़ उमड़ी कि आयोजकों को शिविर का स्थान बदलना पड़ा। इस बार का यह सेवा-यज्ञ मानस भवन में आयोजित हुआ, जहां डॉ. सतीश राजपूत और उनकी समर्पित टीम ने सुबह से लेकर शाम तक बिना थके, हर एक मरीज की तकलीफ को आत्मीयता से सुना और दवाइयों के रूप में राहत का मरहम बांटा। इस भावुक कर देने वाले आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में गुना एसपी हितिका वासल और विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीओपी विवेक अष्टाना मौजूद रहे। शिविर का माहौल और महिलाओं की आंखों में छलकती राहत को देख एसपी हितिका वासल भावुक हो उठीं। उन्होंने इस पहल की दिल से सराहना करते हुए कहा आर्थिक रूप से कमजोर हमारी कई ग्रामीण बहनें और माताएं पैसों के अभाव में अपनी जानलेवा बीमारियों को नजरअंदाज कर देती हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए किसी जीवनदान से कम नहीं है।

यह आत्मसंतोष की यात्रा है: राजपूत

जब शिविर के आयोजक डॉ. सतीश राजपूत से इस निस्वार्थ सेवा के पीछे की प्रेरणा पूछी गई, तो उन्होंने बेहद सादगी और विनम्रता से कहा कि, इन लाचार और बीमार महिलाओं के चेहरे पर इलाज के बाद जो मुस्कान और संतोष दिखता है, वही मेरे जीवन की सबसे बड़ी कमाई है। यह आयोजन मेरे लिए किसी व्यवसाय से ऊपर, आत्मसंतोष और ईश्वर की इबादत जैसा है।

उत्साह के साथ मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई की 301वीं जयंती, भव्य चल समारोह निकला

गुना। लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की 301वीं जयंती जिले में बेहद उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस पावन अवसर पर पाल-बघेल समाज की ओर से शहर के प्रमुख मार्गों से एक भव्य एवं आकर्षक चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का मुख्य आकर्षण बग्गी पर पारंपरिक शस्त्र धारण कर विराजमान नन्हीं बालिकाएं रहीं, जिन्हें लोकमाता के रूप में देख लोग अभिभूत हो गए। यात्रा के दौरान समाजजनों ने देवी अहिल्याबाई के आदर्शों, न्यायप्रियता और उनके सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लिया और आमजन से भी इसकी अपील की। चल समारोह के बाद न्यू टेकरी रोड पर एक भव्य मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अतिथियों ने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके देशहित और समाज सुधार में दिए गए योगदान को याद किया। इस दौरान समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।